# पाकिस्तान ने सऊदी अरब ओआईसी को दी धमकी

## चीन और तुर्की के इशारे पर नाच रहे पाक ने सऊदी अरब को धमकी दी

**धमकी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। चीन और तुर्की के इशारे पर नाच रहे पाकिस्ध्तान ने कश्मीर को लेकर अब अपने पुराने मित्र सऊदी अरब को बड़ी धमकी दे डाली है। पाकिस्तान की नापाक साजिश में साथ नहीं देने पर कुंठा में आए पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सऊदी अरब के नेतृत्व वाले ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कंट्रीज को धमकाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ओआईसी कश्मीर पर अपने विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक बुलाने में हीलाहवाली बंद करे।

पाकिस्तानी न्यूज चैनल एआरवाई को दिए साक्षात्कार में कुरैशी ने कहा, मैं एक बार फिर से पूरे सम्मान के साथ ओआईसी से कहना चाहता हूं कि विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक हमारी अपेक्षा है। यदि आप इसे बुला नहीं सकते हैं तो मैं प्रधानमंत्री इमरान खान से यह कहने के लिए बाध्य हो जाऊंगा कि वह ऐसे इस्लामिक देशों की बैठक बुलाएं



जो कश्मीर के मुद्दे पर हमारे साथ खड़े होने के लिए तैयार हैं। कभी सऊदी अरब के पैसों पर पेट पालने वाले पाकिस्ध्तान के विदेश मंत्री ने अपने इस बयान के जरिए ओआईसी को एक तरह से धमकी दे डाली। एक अन्य सवाल के जवाब में कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकता है।

बता दें कि पाकिस्तान कश्मीर से अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद से ही 57 मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक बुलाने के लिए लगातार सऊदी अरब पर दबाव डाल रहा है। हालांकि अब तक उसे इस प्रयास में सफलता नहीं मिल पाई है। संयुक्त राष्ट्र के बाद ओआईसी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा संगठन है।

कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब के अनुरोध पर खुद को कुआलालंपुर शिखर सम्मेलन से अलग कर लिया था और अब पाकिस्तानी यह मांग कर रहे हैं कि सऊदी अरब कश्मीर के मुद्दे पर नेतृत्व दिखाए। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि अगर ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक होती है तो इससे कश्मीर पर भारत को इस्ध्लामिक देशों की ओर से स्पष्ट संदेश जाएगा।

**भारत के खिलाफ पाकिस्ध्तान का साथ नहीं दे रहा सऊदी अरबः** पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक ओआईसी की बैठक न होने के पीछे एक बड़ी वजह सऊदी अरब है। सऊदी अरब ओआईसी के जरिए भारत को कश्मीर पर चित करने की पाकिस्तानी चाल में साथ नहीं दे रहा है।

दरअसल, ओआईसी में किसी भी कदम के लिए सऊदी अरब का साथ सबसे ज्यादा जरूरी होता है। ओआईसी पर सऊदी अरब और उसके सहयोगी देशों का दबदबा है। कुरैशी ने कहा, हमारी अपनी संवेदनशीलता है। आपको यह समझना होगा। खाड़ी देशों को यह समझना होगा।

## न्यूज डायरी



### चीन के सुखोई फाइटर जेट ने साउथ चाइना सी में बरसाए बम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। अमेरिका के साथ चल रहे भारी तनाव के बीच चीन के फाइटर जेट ने एक बार फिर से दक्षिण चीन सागर में बम बरसाए हैं। बताया जा रहा है कध्ि चीन के रूस नध्िर्मित सुखोई–30 और बमवर्षक विमानों एच–6 का यह अभ्ध्यास करीब 10 घंटे तक चला। इस अभ्यास के दौरान चीन की एयरफोर्स ने साउथ चाइना सी में अपनी युद्ध क्षमता को परखा। यह युद्धाभ्ध्यास कितना बड़ा था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन के पांच में से 3 कमांड ने इसमें हिस्सा लिया। चीन के सरकारी रेडियो चाइना नैशनल रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिणी थिएटर कमांड ने दो बमवर्षक विमानों को दिन और रात में जंग के अभ्यास के लिए अज्ञात स्थान से भेजा। पिछले महीने भी चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि उसने दक्षिण चीन सागर में रात में लंबी दूरी तक बम बरसाने का अभ्ध्यास किया था। इस दौरान कई डमी लक्ष्यों को बम गिराकर बर्बाद किया गया था।

### पाकिस्तान में रैली में ग्रेनेड हमले में 40 लोग घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के कराची शहर में बुधवार को एक कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी की रैली में ग्रेनेड हमले में कम से कम 40 लोग घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रक पर उस वक्त हथगोला फेंका जब ट्रक कराची के गुलशन–ए–इकबाल क्षेत्र से गुजर रहा था और यह जमात–ए–इस्लामी रैली का मुख्य आकर्षण था। प्रतिबंधित सिंधूदेश रिवोल्यूशनरी आर्मी (एसआरए) ने इस हमले की सोशल मीडिया के जरिये जिम्मेदारी ली। सिंध के स्वास्थ्य मंत्री के मीडिया समन्वयक मीरान यूसुफ ने बताया कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है। यूसुफ ने कहा, ''अधिकतर लोगों को मामूली चोट आई थीं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है।''

### कोविड–19 से पीड़ित के अंतिम संस्कार में पारिवारिक विवाद के कारण हुई देर्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस संक्रमण से मरने वाले भारतीय मूल के 40 वर्षीय एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार पारिवारिक विवाद के कारण अब तक नहीं हो सका है। यह देश के कोविड–19 स्वास्थ्य दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है, क्योंकि नियमों के अनुसार संक्रमण से मरने वाले व्यक्ति का अंतिम संस्कार तीन दिनों के भीतर कर दिया जाना चाहिए। संक्रमण के कारण राकेश नाना की 24 जून को मौत हो गयी थी। उनका शव अब भी मुर्दाघर में पड़ा है क्योंकि परिवार में इस बात को लेकर विवाद है कि उनका दाह–संस्कार कौन करेगा। इस विवाद पर 17 अगस्त को वेस्टर्न केप प्रांत के उच्च न्यायालय में सुनवाई होनी है। नाना के माता–पिता की मौत भी मई की शुरुआत में कोविड–19 से ही हुई। दरअसल नाना से अलग रह रही उनकी पत्नी प्राणेश्वरी ने अपने पति के चार महीने पुराने उस हलफनामे को मानने से इंकार कर दिया कि उनका दाह–संस्कार उनके बेटे के स्थान पर भांजा करेगा।

### गरीबी–अत्याचार से आजिज आकर इस्लाम कबूल करने को मजबूर हिंदू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंध। गरीबी और बदतर हालात से जूझ रहे पाकिस्तान के हिंदुओं ने अब इस्लाम कबूल करना शुरू कर दिया है। नए तरीकों का पालन करते हुए अब वे श्एक ईश्वरश की प्रार्थना करना सीख रहे हैं। अरबी की आयतें पढ़कर इस्लाम कबूल करते ही पुरुषों का खतना होता है। ऐसे दर्जनों परिवार हैं पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बादिन जिले में जो हिंदू धर्म छोड़ रहे हैं। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार और भेदभाव का मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है। धर्म परिवर्तन के ऐसे वीडियो क्लिप सामने के बाद एक बार फिर हालात की गंभीरता खुलकर सामने आई है। बड़ी संख्या में सामूहिक धर्म परिवर्तन होने के ऐसे मामले बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि, कई बार लोग अपनी मर्जी से भी ऐसा करते हैं लेकिन इसके पीछे भी आमतौर पर बड़ी मजबूरी छिपी होती है।

## कोरोना वायरस वैक्सीन की 10 करोड़ डोज खरीदेगा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। कोरोना वायरस से जूझ रहा अमेरिका जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी से 1 अरब डॉलर में कोविड–19 की संभावित वैक्सीन की 10 करोड़ डोज खरीदेगा। माना जा रहा है कि डेढ़ लाख अमेरिकी लोगों की जान ले चुके कोरोना वायरस से निपटने के लिए ट्रंप प्रशासन ने वैक्सीन और दवा जमा करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है।

बताया जा रहा है कि इस वैक्सीन के एक डोज की कीमत करीब 10 डॉलर पड़ रही है। इससे पहले मार्च महीने में अमेरिका ने जॉनसन एंड जॉनसन को 45 करोड़ 60 लाख डॉलर दिए थे। इसके अलावा अमेरिका फाइजर और जर्मनी बॉयोटेक कंपनी से भी 19.50 डॉलर प्रति डोज की दर से वैक्सीन खरीद रहा है।

उधर, ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से विकसित वैक्सीन के 3 से 4 डॉलर प्रति डोज रहने की संभावना जताई जा रही है। अमेरिका के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अगर जॉनसन एंड जॉनसन की वैक्सीन को वैक्सीन लगाए जाने के अभियान में शामिल किया जाता है तो यह फ्री भी हो सकती है। जॉनसन एंड जॉनसन ने आशा जताई कि अगर उसका ट्रायल सफल रहा तो वह वर्ष 2021 में कोरोना वायरस वैक्सीन की एक अरब डोज बना लेगी।




**न्यूयार्क में झूमे रामभक्त, गाए भजन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अयोध्या में राम मंदिर की नींव रखे जाने के बाद दुनियाभर में जश्न का दौर जारी है। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में टाइम्स स्क्वेयर पर डिजिटल बिलबोर्ड के पास बड़ी संख्या में रामभक्त इकट्ठा हुए। भारतीयों समेत रामभक्तों ने जमकर भजन गाए और जय श्री राम और जय सिया राम के नारे लगाए। उन्होंने अपने हाथों में पोस्टर भी ले रखा था। टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड पर राम मंदिर नजर आया। अयोध्या में राम मंदिर का जैसे ही पूजन हुआ, उधर, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड पर भगवान राम के साथ राम मंदिर दिखाया गया। इससे पहले वॉशिंगटन डीसी में भारतीय समुदाय के लोग पारंपरिक कपड़ों में जश्न मनाते दिखे थे।

## कश्मीर पर फिर फेल हुई चीन–पाकिस्तान की चाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। अपने सदाबहार मित्र चीन की मदद से जम्मू–कश्मीर के मुद्दे को संयुक्त राष्ध्ट्र में उठाने के मामले में एक बार फिर से पाकिस्ध्तान को करारा झटका लगा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने बुधवार को जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर अनौपचारिक सत्र में चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि इस बंद कमरे में हुई बैठक का कोई रेकॉर्ड नहीं रखा गया और न ही कोई बयान जारी किया गया। इससे पहले भी दो बार पाकिस्तान के कश्मीर के मुद्दे को उठाने पर यही हुआ था।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नहीं हुई चर्चा

कश्मीर पर अपने मंसूबों में पूरी तरह से फेल रहा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्ध्थायी प्रतिनिधि राजदूत त्रिमूर्ति ने एक ट्वीट करके कहा, पाकिस्तान का एक और प्रयास विफल रहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आज की बैठक बंद कमरे में हुई थी, अनौपचारिक थी, इसका कोई रेकॉर्ड नहीं रखा गया और यह इसका कोई परिणाम नहीं निकला। लगभग सभी देशों ने माना कि जम्मू–कश्मीर एक द्विपक्षीय मसला है और सुरक्षा परिषद के समय और ध्यान का हकदार नहीं है।

**पाकिस्तान का एक और प्रयास विफलः** दरअसल, यह सत्र एन अदर बिजनस श्रेणी के तहत हुआ था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों देशों के बीच इस बात को लेकर सहमति है कि वे किसी ऐसे मुद्दे को यहां पर आने से नहीं रोकेंगे। यहां तक चीन जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है लेकिन वह हॉन्ग कॉन्ग पर मई महीने में हुई चर्चा को रोक नहीं पाया था। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने यह बैठक चीन के मदद से कराई थी लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं निकला। पाकिस्तान के लिए शर्मिंदगी की बात यह रही कि अमेरिका ने बेनतीजा बैठक पर जोर दिया जिस पर चीन ने भी अपनी सहमति जता दी।

### श्रीलंका आम चुनावः राजपक्षे की पार्टी की जीत की संभावना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका में संसदीय चुनाव की मतगणना बृहस्पतिवार को शुरू हो गई, जिसमें राजपक्षे परिवार द्वारा संचालित श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) के जीतने की संभावना है। इससे पहले यह चुनाव दो बार स्थगित हो चुके हैं। राष्ट्रीय चुनाव आयोग के अध्यक्ष महिंदा देशप्रिय ने बताया कि कोविड–19 महामारी के प्रकोप के बीच हुए चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए, जिसमें 70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। एक न्यूज चौनल की रिपोर्ट के अनुसार मतगणना शुरू होने के साथ ही एसएलपीपी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संगठक बासिल राजपक्षे ने कहा कि उनकी पार्टी नयी सरकार के गठन के लिए तैयार है। बासिल, राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री पद के दावेदार महिंदा राजपक्षे के भाई हैं। उन्होंने कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि एसएलपीपी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। हम चुनाव में दो–तिहाई बहुमत की उम्मीद कर रहे हैं लेकिन इसका फैसला तो लोग ही करेंगे।